संजय सिंह
निदेशक (मुद्रण)
**Sanjay Singh**
Director (Printing)
Phone: 011-23212965
E-mail: dir-pr@nic.in

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
मुद्रण निदेशालय
Government of India
Ministry of Housing and Urban Affairs
Directorate of Printing
Website: www.dop.nic.in

# संदेश

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर समस्त मुद्रण परिवार को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

राजभाषा के प्रचार-प्रसार हेतु आप अपने मुद्रणालय में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन करें और प्रतियोगिताएँ आयोजित करें। विभिन्न क्रिया कलापों द्वारा हिन्दी के प्रयोग को इस माह विशेष रूप से बढ़ाया जाए। भारतीय संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिन्दी भाषा को संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसलिए, प्रति वर्ष 14 सितम्बर "हिन्दी दिवस" के रूप में मनाया जाता है। साथ ही, सितम्बर माह के दौरान मुख्यालय में भी हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है।

मुझे विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयासों से हम अपना लक्ष्य प्राप्त करने में अवश्य सफल होंगे और राजभाषा के रूप में हिन्दी का गौरव बढ़ाएंगे। मैं सभी मुद्रणालयों के प्रमुखों से अनुरोध करता हूँ कि आप अपने कार्यालयों में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए व्यक्तिगत रूचि लें, और स्वयं हिन्दी में कार्य करके अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। संघ की राजभाषा नीति का आधार सद्भावना, प्रेरणा और प्रोत्साहन है, किन्तु संबंधित आदेशों का अनुपालन उसी प्रकार दृढ़तापूर्वक किया जाना चाहिए, जिस प्रकार अन्य सरकारी अनुदेशों का अनुपालन किया जाता है।

हिन्दी दिवस के शुभ अवसर पर हम यह संकल्प लें कि हम सभी उत्साहपूर्वक और गर्व के साथ अपना कार्य हिन्दी में करेंगे और राजभाषा अधिनियम, नियम और वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों और राजभाषा संबंधी प्रावधानों का अनुपालन करेंगे।

शुभकामनाओं सहित।

(संजय सिंह)

निदेशक (मुद्रण)

स्थान: नई दिल्ली, दिनांक: 14 सितम्बर, 2024.